तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 10 जून 2025

10 डेंगू और मलेरिया मुक्त जिला बनाने में सेहत....



10 डीएससी समाज की पगड़ी का मान रख रहे....



## खबर संक्षेप

### 1.51 किलो ग्राम चरस के साथ बाइक सवार दबोचा

**जींद।** सीआइए स्टाफ ने गांव चाबरी ओवरब्रिज नेशनल हाइवे 352ए के निकट बाइक सवार व्यक्ति को काबू कर एक किलो 51 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपित चरस बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव चाबरी नेशनल हाईवे 352ए ओवरब्रिज के निकट एक बाइक सवार व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की जान गई

**कैथल।** हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे के पास सेगा गांव में पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में इस 22 वर्षीय युवक मुकेश उर्फ संजू की मौत हो गई। जैसे ही लोगों ने युवक का शव देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। तितरम थाना में दी गई शिकायत में संजू के चाचा बरेली निवासी पाती राम ने बताया कि उसका भतीजा संजू कुछ वर्ष पहले काम की तलाश में हरियाणा के कैथल में आया था।

### मंदिर का दान पात्र तोड़ नौ हजार की नकदी चोरी

**जींद।** संस्कृत कालेज जुलाना में बने मंदिर के दानपात्र का चोरों ने ताला तोड़ कर नगदी को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राचार्य मोहनलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कालेज परिसर में मंदिर बना है। बीती रात चोरों ने मंदिर के दान पात्र के ताले को तोड़ कर उसमें से नौ हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया।

### मकान का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चुराए

**कैथल।** कस्बा सीवन से चोर एक मकान के ताले तोड़कर 10 हजार रुपये की नकदी, सोना-चांदी के गहने और जरूरी कागजात चोरी कर ले गए। परिवार के सदस्य बाहर गए थे। पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीवन थाना में दी शिकायत में नगर निवासी गगनदीप सिंह ने बताया कि छह जून को उनके परिवार के सदस्य अपने-अपने काम से घर से बाहर गए हुए थे। वे अपने घर पर ताला लगाकर गए थे।

### आश्रम में चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना नरवाना व सीआईए नरवाना की पुलिस टीम ने आश्रम से नकदी, फोन व अन्य सामान चोरी करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान कर्मगढ़ निवासी दलबीर के रूप में हुई है। सदर थाना नरवाना निरीक्षक पूरन दास ने बताया कि गांव कर्मगढ़ निवासी अली मोहम्मद ने गत 21 मई को शिकायत में बताया था कि वह डेरा दादूराम आश्रम में सेवादार है।

### गांजा तस्करी मामले में बेल जंपर आरोपी दबोचा

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत पीओ स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रणदेव सिंह द्वारा वर्ष 2018 दौरान गांजा तस्करी मामले में बेलजंपर आरोपी सीरटा रोड़ निवासी वकील को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 4 जनवरी 2018 को कोर्ट में बक्शी खाना में 2 युवकों द्वारा पुड़ियां पेशी पर आए आरोपियों की तरफ फेंकने की कोशिश की गई थी।

### फसल नष्ट करने पर छह के खिलाफ केस

**जींद।** गांव छात्तर में रंजिशन फसल नष्ट करने पर उचाना थाना पुलिस ने छह लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव छात्तर निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने चार किल्ले में बाजरा, कपास, ज्वार बिजी हुई थी।

### गर्मी के साथ ही डीहाईड्रेशन, फूड प्वायजनिंग की बढ़ी समस्याएं, बाजारों से रोनक गायब

# सौलह किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली गर्म हवाओं ने आमजन को किया बेहाल, सड़कें सुनसान

### मौसम विभाग के अनुसार 15-16 जून को आएगा मौसम में बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गर्म हवाओं ने सोमवार को दूसरे दिन भी आमजन को बेहाल करके रखा। अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। शनिवार को तापमान जहां 38 डिग्री था वहीं रविवार को यह बढ़ कर 42 डिग्री पर पहुंच गया और सोमवार को भी अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रहा। हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा व मौसम में आद्रता 23 प्रतिशत बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार आगामी 15-16 जून को मौसम में बदलाव आएगा। फिलहाल चार दिनों तक शुष्क व गर्म हवाएं चलने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ सकती है। इस समय दोपहर को सड़कों पर बहुत कम लोग दिखाई दहे रहे हैं। जबकि बाजारों में भी रौनक गायब हो गई। गर्मी के चलते ठंडे पेय पदार्थों की भी डिमांड भी बढ़ गई है। सोमवार को दिन का आगाज तेज धूप के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ गर्मी भी बढने लगी और तापमान 42 डिग्री तक जा पहुंचा। लोग दिनभर पसीने से तर बतर रहे। भीषण गर्मी



**जींद।** नागरिक अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए लगी लंबी लाइन।

के चलते लोग बहुत कम घरों से बाहर दिखाई दिए। पूरा दिन गरम हवा की गति तेज होने के कारण इसका असर जनजीवन पर साफ देखने को मिला। गरम हवाएं आदमी को बीमार करने का कारण बन रही हैं। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। जिससे हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ेगा। ऐसे में बच्चों, महिलाओं, वृद्धों और कामकाज के सिलसिले में बाहर घूमने वाले लोगों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने धीरे-धीरे बढ़ रही गर्मी से खुद की संभाल रखने की बात कही है। वहीं इस समय किसान धान फसल की तैयारी में जुटे हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार गरम मौसम को देखते हुए पनीरी की सिंचाई शाम को करें और खेतों को धान रोपाई के लिए तैयार कर लें। गर्मी बढ़ने के साथ ही डीहाईड्रेशन, फूड प्वायजनिंग, शरीर में ऐंठन, बच्चों में ज्यादा पसीना, चिड़चिड़ापन, लाल त्वचा और थकावट जैसी समस्याएं बनने लगती है। गर्मी के मौसम में दूषित भोजन या पानी के सेवन के कारण फूड प्वायजनिंग हो सकती है। दिन में बढ़े तापमान के कारण भोजन पर बैक्टीरिया, वायरस, विषाक्त पदार्थ तेजी से पनपने लगते हैं, जो शरीर में प्रवेश करने के बाद पेट दर्द, दस्त या उल्टी जैसी समस्याओं का कारण बनते हैं।

वहीं पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या पनपती है। गर्मियों के दौरान हम पसीने के रूप में शरीर से बहुत सारा पानी खो देते हैं। अगर इसी अनुपात में अगर पानी न पिया जाए तो शरीर में इसकी कमी हो सकता है। इससे कमजोरी, थकान रक्तचाप की समस्याए बुखार जैसी दिक्कतें हो जाती हैं। वहीं गर्मी में पीलिया भी एक गंभीर बीमारी है, जिससे गर्मी के महीनों में सावधान रहने की जरूरत होती है। यह दूषित भोजन या पानी का सेवन करने से हो सकती है। वहीं सूरज की तेज किरण और बढ़ती गर्मी के कारण आंखों से संबंधित समस्याओं बढने लगती हैं।

#### सूर्य किरणों से बचने को सनस्क्रीन लगाएं

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। सूर्य किरणों से बचने को सनस्क्रीन लगाएं। हमें अपने खाने में ऐसे फल और सब्जियों को शामिल करना चाहिए, जिनमें पानी की मात्रा ज्यादा हो। कैफीन वाले और मादक पेय से दूरी बनाए रखनी चाहिए। धूप के दौरान कपड़ों का चुनाव सही करना चाहिए और ढीले व हल्के रंग के कपड़े पहनें।

#### इस तरह से करें बचाव

पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। समय-समय पर ओआरएस का घोल पीते रहें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाहर का खाना खाने से बचें। ज्यादा गरम भोजन न करें। तरल पेय पदार्थों का खूब सेवन करें। धूप में घर से बाहर निकलते समय टोपी, साफा आदि से सिर ढंककर निकलें। महिलाएं गर्भावस्था में बार-बार थोड़ा-थोड़ा खाएं और पानी ज्यादा पिएं। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए दोपहर को नंगे सिर बाहर जाने से बचें।



**राजौंद।** पूंडरी चौंक पर दुकान पर रखी सब्जियां। *फोटो :हरिभूमि*

#### गर्मी से सब्जी के दामों में आया उछाल

**राजौंद।** लगातार बढ़ती गर्मी के साथ ही सब्जियों के दामों में पिछले कई दिनों में काफी उछाल आया है। सब्जी के जो भाव 10 दिन पहले थे अब उनमें से कई सब्जियों के भाव डबल हो चुके हैं। जैसे जैसे मौसम गर्म हो रहा है, गर्मियों की सौगात समझे जाने वाले नींबू के भाव आसमान छू रहे है निंबू 120 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। गर्मी कि अधिकता के कारण खेतों में सब्जियां सूखने से इनकी आवक काफी घट गई है। जिससे इनके दामों में दिन प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है। उधर दुकानदारों का कहना है कि गर्मी अधिक होने के कारण ज्यादातर सब्जियां खराब हो जाती है, जिससे उन्हें सब्जियां के दाम पूरे करना भी नामुमकिन होकर रह गया है। गर्मी की कई सब्जियां ऐसी हैं जो केवल एक ही दिन के बाद खराब हो जाती हैं। गर्मी की जरूरत समझे जाने वाले नींबू के दाम में कमी न आने के कारण इसके दाम 120 रुपये किलो तक बोले जा रहे है। टींडा 50 रुपये, भिंडी 60 रुपये, तोरी 30 रुपये, मटर 120 रुपये, खरबूजा 40 रुपये, करेला 50 रुपये, हरी मिर्च 80 रुपये, टमाटर 30 रुपये, खीरा 40 रुपये किलो तक बिक रहा है। पिछले वर्ष की उपेक्षा इस वर्ष आलू, प्याज व टमाटर के दाम काफी कम है। इसके अलावा दूसरी सब्जियों की कीमतों में काफी उछाल आया है।

## नौकरी लगवाने के नाम पर 20 लाख ठगने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

- उपरोक्त मामले में पहले ही चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आमजन को सब्जबाग दिखाकर ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। एसे ही नौकरी लगवाने के नाम पर 20 लाख ठगने के मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई रणधीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी बरटा निवासी विक्रम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बरटा निवासी दिनेश की शिकायत अनुसार वह उसके छोटे भाई को नौकरी लगना चाहता था। इसे लेकर उसकी बातचीत बरटा निवासी सेवा सिंह से हुई। सेवा सिंह ने बताया कि उसके हरियाणा कौशल रोजगार में निगम के अधिकारियों से जान पहचान है। वह उसे व उसके भाई को हरियाणा कौशल रोजगार के तहत नौकरी दिलवा देगा। इस पर बाद में सेवा सिंह ने उसे विक्रम, संजीव, नैंसी, जसपाल और गुरमीत कुंडू से मिलाया। आरोपियों ने नौकरी लगवाने के नाम पर अलग-अलग तिथियां में उससे 20 लाख रुपए की राशि ले ली तथा जल्द ही नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। बार-बार आश्वासन के बावजूद जब उसे नौकरी नहीं मिली तो उसने आरोपियों से अपनी राशि वापस लेने की मांग की तो आरोपियों ने राशि देने से इंकार कर दिया। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त मामले में पहले ही 4 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

## अधूरे रोड के निर्माण का विधायक ने किया शुभारंभ

### विकास में नहीं आने दी जाएगी कमी, गुणवत्तापूर्ण कार्य प्राथमिकता : जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हल्का विधायक सतपाल जांबा ने चीमा कॉलोनी में वर्षों से अधूरे पड़े 40 फुटे रोड के टुकड़े के निर्माण कार्य का शुभारंभ नारियल तोड़कर किया। यह कार्य ब्लॉक समिति द्वारा 10 लाख रुपये की लागत से करवाया जाएगा, जिस पर मौके पर ही काम भी शुरू हो गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश बरसाना और फतेहपुर सरपंच सोहनलाल वर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि शुरूआती



**पूंडरी।** फतेहपुर में रास्ता बनाने का शुभारंभ करते विधायक सतपाल जांबा।

समय में उन्हें शासन व्यवस्था को समझने में समय लगा, लेकिन अब वे जानते हैं कि कौन सा कार्य किस विभाग या मंत्री से करवाना है। हल्के का चहुंमुखी विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से ढांड-पूंडरी रोड को बड़े हाइवे की तर्ज पर बनाया गया है, जिससे अब हादसों की आशंका भी कम होगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि अब हल्के में जितने भी विकास कार्य होंगे, उनमें गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा और पहले की तरह भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### ये रहे मौजूद

निधि मोहन, अमित सैनी, बलबीर सैनी, अमन सैनी, हिशम सिंह बुक्कल, ब्लॉक समिति सदस्य सचिन कुमार, कुलदीप सिंह, अर्चना शर्मा, सौरभ वर्मा, डॉ. बलविंद्र मैहला, दीपक पूंडरी, अरुण गुलाटी, संजीव रसीना व मदनमोहन भी उपस्थित रहे।



**जींद।** दाखिला आवेदन करने आए छात्र। *फोटो :हरिभूमि*

## महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिला आवेदन की तिथि बढ़ी

- अब छात्र 16 जून तक दाखिले के लिए कर सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में दाखिला आवेदन को लेकर उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने समय को और बढा दिया है। अब विद्यार्थी दाखिले के लिए 16 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हालांकि आगामी शेड्यूल को लेकर और कोई अपडेट नही आई है। ऐसे में मेरिट लिस्ट और फीस भरने के शेड्यूल में बदलाव देखने को मिल सकता है। वहीं महाविद्यालयों दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों की जांच का कार्य चला हुआ है। शहर के राजकीय पीजी कॉलेज में बीए आट्र्स संकाय में निर्धारित 600 सीट पर 1068, बीए आट्र्स इन इकोनॉमिक्स में 40 सीट पर 31, बीए आट्र्स इन इंग्लिश में 40 सीटों पर 49, बीए आट्र्स इन ज्योग्राफी में 40 सीट पर 71, बीए आट्र्स इन हिस्ट्री में 40 सीट पर 37, बीबीए में 40 सीट पर 128 आवेदन, बीकॉम में 220 सीट पर 251 आवेदन, बीसीए में 120 सीट पर 273, बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस में 150 सीट पर 239, बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 300 सीट पर 177 और बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन मैथमेटिक्स में 40 सीट पर 74 आवेदन आए हैं। वहीं राजकीय कॉलेज सफीदों में बीए आट्र्स में 400 सीटों पर केवल 252, बीए आट्र्स इन इंग्लिश में 40 सीटों पर आठ, बीकॉम में 160 सीटों पर 100, बेचर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस संकाय में 60 सीट पर 71 और बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 120 सीटों पर 38 आवेदन आए हैं।

#### जांच चल रही

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार कॉलेजों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख को बढ़ा दिया गया है। अब दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी पोर्टल पर 16 जून तक आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज की कमेटी द्वारा दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच की जा रही है। मेरिट लिस्ट को लेकर कोई अपडेट आएगा तो विद्यार्थियों को अवगत करवा दिया जाएगा।

## कैथल : आईटीआई में चार दिन में पहुंचे 900 से अधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल का राजकीय आईटीआई युवा व युवतियों की पहली पसंद बनकर उभरा है। आईटीआई में 6 जून से आवेदन प्रक्रिया जारी है। 9 जून तक संस्थान में कुल 900 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। सुबह से लेकर सायं तक हेल्प डेस्क पर युवा व युवतियों के फार्म जमा करवाने की लाइन कम होने का नाम नहीं ले रही है। संस्थान में फार्म आनलाइन करने के सभी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। बता दें कि जिले में 9 राजकीय और 9 प्राइवेट आईटीआई चलाए जा रहे हैं। सभी में आवेदन प्रकिया आगामी 20 जून तक जारी रहेगी।

पिछले साल कैथल का राजकीय आईटीआई पंजीकरण में प्रदेश के टॉप टेन में शामिल हुआ था। इस बार यह टॉप करता नजर आ रहा है। इस समय राजकीय आईटीआई कैथल में 28 तरह के इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग कोर्सों के 78 यूनिट चलाए जा रहे हैं। इन कोर्सों की अवधि एक व दो साल है। जहां अधिकतर इंजीनियरिंग कोर्स दो साल के हैं तो वहीं नान इंजीनियरिंग एक वर्ष के हैं।

#### ऑनलाइन आवेदन 20 जून तक

आईटीआई के दाखिला इंचार्ज संजय कुमार, वर्ग अनुदेशक ने बताया कि संस्थान में अब तक 900 से अधिक आवेदन आ चुके हैं। आनलाइन आवेदन 20 जून तक किए जा सकेंगे। आईटीआई में कम लागत पर रोजगारपरक कोर्स करवाए जाते हैं।

## साइबर ठगों ने उड़ाए खाते से 2.60 लाख

- कोई लिंक तथा ओटीपी नही किया शेयर, फिर भी राशि गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर ठगों ने बिना कोई लिंक तथा ओटीपी शेयर के उपभोक्ता के क्रेडिट कार्ड से 2.60 लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ओम नगर निवासी तरूण धीमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 6 जून को उसके फोन पर विभिन्न ट्रांजेक्शन के ओटीपी आ रहे थे। साथ ही संबंधित बैंक से कॉल भी आ रही थी। जो साथ ही कट रही थी। जिसके बाद एक्सिस बैंक क्रडिट कार्ड से 62 हजार 620 रुपये, दस हजार 17 तथा एक हजार छह रुपये, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड से 65 हजार 943 रुपये व 27 हजार 904 रुपये, आईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड से 93 हजार 26 हजार रुपये निकल गए। जबकि उसने न तो कोई लिंक शेयर किया और न ही कोई ओटीपी शेयर किया। बावजूद इसके उसके खाते से दो लाख 65 हजार 60 हजार 516 रुपये गायब हो गए।

### डिप्टी स्पीकर के प्रयासों से 38 कॉलोनियां हुई थी अनअप्रूव्ड से अप्रूव्ड

# शहर की वैध कॉलोनियों के लिए 40 करोड़ मंजूर

- अब इन कॉलोनियों में बिजली, पानी, सड़क समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद शहर के लोगों के लिए खुशखबरी है। विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रयासों से शहर की अनएपूरव्ड से अप्रवूड हुई कालोनियों के लिए लगभग 40 करोड़ रुपये की ग्रांट पास हुई है। सीएम ऑफिस से इस ग्रांट को मंजूरी मिल गई है। ऐसे में विकास की बाट जोह रही इन कालोनियों में जल्द ही विकास कार्य शुरू होंगे। जिससे ये कालोनियां भी शहर की अन्य कालोनियों की तरह ही विकास के मामले में अव्वल होंगी। डिप्टी स्पीकर के प्रयासों से वैध हुई थी 38 कालोनियांः गौरतलब है कि विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रयासों से नायब सैनी सरकार ने पिछले दिनों शहर की 38 कॉलोनियों को वैध कर दिया था। इनमें से कई कॉलोनी ऐसी थी, जिनका कुछ हिस्सा वैध नहीं था। जिसके कारण वहां रहने वाले लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही थी। अब इन कॉलोनियों में बिजली, पानी, सड़क समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं मुहैया हो जाएंगी। लोगों ने डिप्टी स्पीकर से मिल कर की थी विकास की मांगः विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि इन कालोनियों के लोग कई बार उनसे मिले थे। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय विभाग अधिकारियों को सर्वे रिपोर्ट के लिए दिशा-निर्देश दिए थे। उनके दिशा-निर्देशों पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग अधिकारियों ने सर्वे रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी। जिसके चलते ने इन कॉलोनियों को नियमित किया गया। वैध घोषित हुई कॉलोनियों में बिजली, पानी, सड़क, सीवरेज व पार्क जैसी मूलभूत सुविधाएं भी अब सरकार मुहैया कराएगी।

#### सीएम कार्यालय से मंजूरी मिली



हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि सरकार ने शहर की 38 से अधिक कॉलोनियों को वैध कर दिया था। अब सरकार द्वारा इन कालोनियों के लिए लगभग 40 करोड़ रुपये की सीएम कार्यालय ने मंजूरी दे दी है। जिससे इन कॉलोनियों में रह रहे लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया होंगी।

## खबर संक्षेप

### गाय ढूंढने गए युवक पर हमला कर किया घायल

**जींद।** जुलाना में गाय को ढुंढने पहुंचे युवक पर लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जुलाना निवासी पवन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो दिन पहले उसकी गाय गायब हो गई थी। गत दिवस उन्हें पता चला कि जुलाना के रमेश के घर में उसकी गाय देखी है। जब उसने रमेश के घर पहुंच कर गाय के बारे में पूछा तो उसका लड़का भड़क उठा और परिजनों के साथ मिल कर उस पर हमला कर दिया।

### परमजीत की स्मृति में रक्तदान शिविर कल

**जींद।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रमोद सहवाग ने बताया कि 11 जून को समाजसेवी स्व. परमजीत सहवाग की पुण्यतिथि पर नौवां रक्तदान शिविर आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। सहवाग ने बताया कि रक्तदान शिविर बुधवार 11 जून को उनके विजय नगर कार्यालय में सुबह दस बजे से शुरू होगा। जिला रेडक्रास की टीम रक्तदान शिविर में सहयोग करते हुए रक्त एकत्रित करेगी।

### महिलाओं को पीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत झांझ कलां गांव में ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। इसमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई गई व गर्भवती महिलाओं को व ग्रामीण महिलाओं को पीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी गई। ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह ने जागरूक करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंग अनुपात हमारे देश के सामने एक बहुत बड़ी सामाजिक समस्या है।

### पांचवें दिन भी जारी रहा मजदूरों का धरना

**जींद।** सफीदो ब्लॉक के हाट गांव के मनरेगा मजदूरों ने काम की मांग को लेकर बीडीपीओ सफीदों के कार्यालय के सामने अपना विरोध धरना पांचवें दिन भी जारी रखा। धरने की अध्यक्षता मुकेश मेट ने किया। मजदूर संगठन सीटू के जिला उपाध्यक्ष रमेश ने मजदूरों को संबोधित करते कहा कि सफीदों ब्लॉक के एबीपीओ ने मनरेगा मेट अनूप के साथ दुर्व्यवहार किया। इसलिए हाट गांव के मनरेगा मजदूर अपने हक व अधिकार के लिए पिछले पांच दिनों से संबन्धित कार्यालय के बाहर धरना दे रहे हैं।

### मलेरिया से अपने परिवार को बचाओ

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराय के अंतर्गत पोंकरीखेड़ी गांव में जगदीश कुमार व मीना कुमारी स्वास्थ्य सुपरवाइजर की अगुवाई में स्वास्थय टीम द्वारा गांव में रैपिड फीवर मास सर्वे किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा बुखार पीड़ित की स्लाइड बनाई गई। टंकी, कूलर, होदी, ड्रम, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे के पानी में लारवा की जांच की गई। स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश कुमार व मीना कुमारी ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मी हर घर में जाकर बुखार पीड़ित की रक्त पट्टिका बना रहे हैं।

### किसानों के खेतों से कीमती केबल चोरी

**जींद।** गांव खटकड़ में बीती रात चोरों ने तीन किसानों के खेतों में लगे सबमर्सिबल की कीमती केबलो को चोरी कर लिया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

गांव खटकड़ निवासी राममेहर, सुरेंद्र, बलवान ने पुलिस के दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उनके खेत में लगे सबमर्सिबल से कीमती केबल को चोरी कर लिया।

### तहसील कार्यालय में किसानों का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज 1147 वें दिन भी जारी रहा। मा बलजीत सिंह ने बताया कि जहां मुगल काल में किसानों से फसलों का 1.3 भाग लगान के रूप में वसूला जाता था परन्तु 1921 में अंग्रेजो द्वारा किसानों से फसलों का 73 % की दर से माल गुजारी वसूल की जाती थी।

---

### मलेरिया व डेंगू की रोकथाम को लेकर मंथन

# डेंगू और मलेरिया मुक्त जिला बनाने में सेहत विभाग का सहयोग करें: डॉ. ढांडा

## फिलहाल जींद में नहीं आया है मलेरिया व डेंगू का केस

**लार्वा मिला तो दिया जाएगा नोटिस, गांवों तथा शहर में स्वास्थ्य टीमें चला रही जागरूकता अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** जिला को मलेरिया व डेंगू मुक्त रखने के लिए मंथन करते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

मलेरिया व डेंगू की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों ने एडीसी विवेक आर्य सहित अन्य जिला अधिकारियों के साथ मंथन किया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डिप्टी सीएमओ मलेरिया डा. विजेंद्र ढांडा ने बताया कि जिले में अभी तक डेंगू व मलेरिया का एक भी केस नही है। ऐसे में जिले को डेंगू व मलेरिया मुक्त रखने को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीमें गांव तथा शहर में घर-घर दस्तक दे रही हैं। जागरूकता अभियान के तहत लोगों को मौसमी बीमारियों से अवगत करवाया जा रहा है साथ ही बुखार पीड़ितों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। एडीसी ने स्पष्ट किया कि मलेरिया व डेंगू की रोकथाम के लिए सभी विभागों को तालमेल के साथ काम करना होगा। स्वास्थ्य विभाग मच्छर जनित रोगों के नियंत्रण एवं बचाव संबंधी कार्यक्रमों को धरातल स्तर पर प्रमाणिकता सहित लागू करें। नप व पंचायती राज विभाग को हो फोगिंग मशीन की उपलब्धताः मच्छरजनित रोगों से बचाव को लेकर नगर परिषद व पंचायती राज विभाग को फोगिंग मशीन की उपलब्धा होनी चाहिए। शिक्षा विभाग भी बच्चों को प्रतिदिन प्रार्थना सभा में पांच मिनट के लिए मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम व बचाव बारे बताएं। रविवार को ड्राई-डे मनाएं। सभी प्राइवेट अस्पतालों व क्लीनिकों मे मलेरिया की रक्त पटिकाएं बनाए जाने एवं पोजिटिव केस की सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को भेजें। आंगनवाड़ी वर्कर भी मौसमी बीमारियों को लेकर लगने वाले कैंपों में भाग लें। जनस्वास्थ्य विभाग को पानी की लीकेज की मुरम्मत के लिए विशेष अभियान चलाएं। मत्स्य विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग मिलकर तालाबों में गंबुजिया मछली छोडें। डेंगू व मलेरिया मुक्त जिला बनाने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करे : डा. विजेंद्र ढांडाः डिप्टी सीएमओ मलेरिया डा. विजेंद्र ढांडा ने कहा कि जिले में अभी तक डेंगू व मलेरिया का एक भी केस नही है। ऐसे में जिले को डेंगू व मलेरिया मुक्त रखा जा सकता है। आपसी तालमेल के द्वारा ही डेंगू व मलेरिया पर काबू पाया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने अपना अभियान शुरू किया हुआ है। सामान्य अस्पताल में जहां पर इसका ईलाज व टेस्ट मुफ्त में होता है। जिले मे लगभग सभी पंचायतों के पास फोगिंग मशीन उपलब्ध है। लेकिन ज्यादातर फोगिंग मशीने खराब हो चुकी हैं। इसलिए वे पंचायतें जिनके पास फोगिंग मशीनें खराब हैं वे फोगिंग मशीनो को ठीक करवाना सुनिश्चित करे।

**मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छता का रखें ध्यान**

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि मौसमी बीमारियों से बचने के लिए पानी के बर्तनों व टंकियों को पूरी तरह ढककर रखें। छत पर मटके, टायर, बोतल अथवा अन्य टूटे-पूॅटे बर्तनों को हटा दें ताकि इनमें बरसात का पानी जमा ना हो सके। अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें। पानी से भरे गड्ढों में मिट्टी भर दें। खड़े पानी में काला तेल डाल दें। पूरी बाजू के कपड़े पहनें, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

---


**जींद।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी विवेक आर्य। फोटो :हरिभूमि

## समाधान शिविर में प्रत्येक शिकायत का हो रहा प्राथमिकता से समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए चलाए जा रहे समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच संवाद की एक सशक्त कड़ी बनकर उभरे हैं। इन शिविरों से लोगों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समयबद्ध और प्रभावी समाधान करना है ताकि कोई भी मामला लंबित न रहे। एडीसी विवेक आर्य सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने जन शिकायत पोर्टलों पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में कुल 11 नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। इनमें पहचान पत्र सुधार, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, बिजली विभाग, सीवर समस्या, नगर परिषद और राजस्व विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। एडीसी ने सभी समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में कुछ सार्वजनिक असुविधा से जुड़ी शिकायतें भी सामने आईं। सैनी मोहल्ला निवासी शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी गली में कुछ लोग नियमित रूप से पशु बांधते हैं। जिससे आवागमन में बाधा आती है। वहीं कुछ शिकायतकर्ता गली को पक्का करने से पहले सीवर की व्यवस्था करने की फरियाद लेकर आए। शीतलपुरी कॉलोनी निवासी रामजीत ने प्रॉपर्टी आईडी में लोकेशन मिलान की अर्जी दी। वहीं सुरेश ने आयुष्मान कार्ड बनवाने का आवेदन प्रस्तुत किया। एडीसी ने सम्बंधित अधिकारियां को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बताया कि जनता व प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जिला और उपमंडल स्तर पर हर सोमवार और गुरुवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

---

## सीआरएसयू जींद व डीयू कौशल प्रशिक्षण केंद्र के बीच सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



कौशल विकास और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सीआरएसयू जींद के शिक्षा विभाग और डीयू कौशल प्रशिक्षण केंद्र जींद के बीच सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच संयुक्त प्रयासों के माध्यम से कौशल आधारित कार्यक्रमों का विकास, कार्यशालाओं और संकाय विकास कार्यक्रमों का आयोजन, संयुक्त अनुसंधान को प्रोत्साहन और विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप व एक्सचेंज कार्यक्रमों के अवसरों को सृजित करना है। डीयू स्किल सेंटर के निदेशक परवेश कुमार ने कहा कि यह समझौता एक भविष्य उन्मुख शिक्षा प्रणाली की ओर बढ़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। हम सीआरएसयू के साथ मिल कर छात्रों और शिक्षकों को ऐसी व्यावहारिक क्षमताओं से सशक्त करना चाहते हैं जो उन्हें वर्तमान और भविष्य की पेशेवर चुनौतियों के लिए तैयार करें। विभागाध्यक्ष प्रो. कुलदीप नारा ने इसे विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर बताया। कहा कि डीयू कौशल प्रशिक्षण केंद्र जींद के साथ यह सहयोग हमारे छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ उद्योगोन्मुखी कौशल प्रदान करेगा। जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है।

---

## कृषि के साथ पशुपालन जरूरी : डॉ. बरनवाल

- स्वच्छ दूध के लिए पशु का स्वस्थ होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** किसानों को जागरूक करते कृषि वैज्ञानिक। फोटो :हरिभूमि

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सोमवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गांव अनूपगढ़, किनाना व बराड़ खेड़ा में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डा. पी बरनवाल ने बताया कि खेती के साथ साथ पशुपालन भी आवश्यक है। स्वच्छ दूध के लिए पशु का स्वस्थ होना ज़रूरी है। स्वस्थ पशु के लिए संतुलित आहार की आवश्यकता है। दूध में लगभग 87 प्रतिशत पानी होता है। जिस से दूध जल्दी खराब हो जाता है। दूध प्रसंस्करण द्वारा विभिन्न डेयरी उत्पादों पनीर, छेना, दही आदि को बना कर इसकी रखरखाव की अवधि को बढ़ा सकते हैं। इसमें डा. मगन सिंह ने अच्छे चारे के लिए हरियाणा राज्य के लिए संस्तुति की गई ज्वार की किस्मों का को उगाने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को बताया कि बीज उपचार जरूर करें। ज्वार के अतिरिक्त अन्य चारे की फसलें जैसे मक्का, मकचरी, शुगर ग्रेस को भी उगाया सकते हैं। डा. संदीप सिहाग ने धान से संबंधित जानकारी किसानों के सामने प्रस्तुत किया। अधिक उपज व रोग प्रतिरोधी बासमती धान के बीज जैसे 1847, 1885 व 1886 जानकारी दी। इसके साथ-साथ धान की सीधी बिजाई के बारे में भी उन्होंने जानकारी दी। उन्होंने धान में पोषण प्रबंधन और खरपतवार प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के डा. धीरज पंघाल ने मिट्टी की जांच व तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मिट्टी की जांच से भूमि के पौष्टिक तत्वों की रूपरेखा समझी जा सकती है। जिसको मद्देनजर रखकर किसान फसलों का चयन कर सकते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र जींद के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने कलौदा कलां, कलौदा खुर्द व खरड़वाल में बारिश के दिनों में किसानों द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। डा. सुरेन्द्र मित्तल ने औषधीय व सुगंधित पौधों, उनकी रोपाई, खाद व उर्वरक की मात्रा, सिंचाई, निराई व पौध संरक्षण बारे बताया। डा. पवन व डा. प्रीति ने शामलो कलां, शामलो खुर्द व गोसाईखेड़ा में किसानों से संवाद किया।

---


**जींद।** योग करते हुए साधक। फोटो :हरिभूमि

### योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया

**जींद।** 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस में जनभागीदारी को बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुष विभाग व एचएसवीपी के द्वारा हुड्डा सेक्टर आठ में योग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष विभाग से डा. पूनम, तरसेम, नरेश और सोनू योग सहायक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर में रोगों से बचाव के लिए विभिन्न योगासनों की जानकारी योग प्रशिक्षकों द्वारा दी गई। कैंप में 150 के करीब प्रतिभागियों ने योग प्रशिक्षण लिया। योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। एसडीओ तरूण ने कहा कि नियमित योगाभ्यास मानसिक स्पष्टता और शांति पैदा करता है। शरीर के प्रति जागरूकता बढ़ाता है, पुराने तनाव पैटर्न से राहत देता हैए मन को शांत करता है। ध्यान केंद्रित करता है और एकाग्रता को बढ़ाता है। इस अवसर पर अनुज, रोहित सहित अन्य योग साधक मौजूद रहे।

## बच्चों ने सीखा हुला हूप करना

### यदुवंशी स्कूल में समर कैंप जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** समर कैंप में हुला हूप करते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

यदुवंशी स्कूल में चल रहे समर कैंप के दौरान बच्चों को हुला हूप करने के तरीके सिखाए गए। इस मनोरंजक गतिविधि के साथ-साथ इसके शारीरिक लाभों के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों ने बच्चों को बताया कि हुला हूप एक मजेदार और प्रभावशाली व्यायाम है, जो पूरे शरीर को सक्रिय करता है। इसके प्रमुख लाभों में शामिल हैं कि यह पूरे शरीर की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। शरीर को टोन करने में मदद करता है। खासतौर पर वे लोग जो लंबे समय तक बैठ कर काम करते हैं, उनके लिए यह बहुत लाभदायक है। क्योंकि यह पूरे शरीर की मांसपेशियों को खोलता है। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों को न केवल मनोरंजन के अवसर मिलते हैं बल्कि वे स्वास्थ्य, फिटनेस और जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को भी सीखते हैं। यदुवंशी स्कूल का यह प्रयास बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

---



**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### कैडेटस ने सीखे नेविगेशन कौशल

**जींद।** कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जगज्योत सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय खुंगा कोठी में एनसीसी कैंप का आयोजन किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने प्रशिक्षण के दौरान अपना उत्साह दिखाया। कैडेटों ने अंतर संस्थान ड्रिल प्रतियोगिता में अपने ड्रिल कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। उन्होंने मानचित्र सेटिंग और उत्तर की ओर जाने सहित आवश्यक नेविगेशन कौशल भी सीखे। मुख्य नर्सिंग अधिकारी जींद द्वारा घावों के उपचार और देखभाल को कवर करने वाला एक मूल्यवान प्राथमिक चिकित्सा प्रदर्शन दिया गया। इसके अतिरिक्त जोनल भर्ती कार्यालय, हिसार ने भारतीय सेना में अवसरों और करियर के बारे में जानकारी दी। कमांडेंट ने एएनओ और सीटीओ के साथ विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। दिन का समापन नृत्य, समूह गीत और हरियाणवी गीतों के जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। एनसीसी कैंप का नौवां दिन एक शानदार सफलता थी। जिसने टीम वर्क, अनुशासन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया।

---

**कार्यक्रम** संत कबीर कुटीर पर किया वंचित अनुसूचित जाति प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन

# डीएससी समाज की पगड़ी का मान रख रहे मुख्यमंत्री नायब सैनी : डा. भारतभूषण टांक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** मुख्यमंत्री के साथ डीएससी समाज के लोग। फोटो :हरिभूमि

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव डा. भारत भूषण टाक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से प्रदेश का वंचित अनुसूचित समाज का प्रतिनिधि मंडल कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के नेतृत्व में मिला। वंचित अनुसूचित जाति प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन संत कबीर कुटीर मुख्यमंत्री आवास चंडीगढ़ पर आयोजन किया गया था। जिसमें हरियाणाभर के समाज के प्रमुख प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डीएससी समाज के प्रतिनिधि सम्मेलन में सिर पर रखी हुई पगड़ी का मान बढ़ाते हुए जो शब्द कहे थे कि मेरे सिर पर जो पगड़ी है यह डीएससी समाज का सम्मान है ना कि मेरा सम्मान है। डीएससी समाज के सम्मान को में कभी कम नहीं होने दूंगा। मुख्यमंत्री ने समाज के प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते कहा कि आपकी कुशल और अथक प्रयासों से हरियाणा में तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनी है। आपके हकों की रक्षा करना सरकार का पहला कर्तव्य बनता है। इस प्रतिनिधि सम्मेलन में माननीय मुख्यमंत्री के आगे समाज की अनेक समस्याओं को उजागर किया गया। जिसमें से प्रमुख समस्या मदवि रोहतक द्वारा निकाली भर्तियों की भी थी। जिसको की समाज के नेता व कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने बड़ी प्रमुखता से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के आगे रखा था। उसी का परिणाम है कि आज मदवि रोहतक प्रशासन द्वारा अपना फैसला वापस लेना पड़ा है। इस फैसले का हरियाणा भर के प्रतिनिधि मंडल व डीएससी समाज की सभी जातियां सीएम व कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का आभार भी प्रकट करती है। वंचित अनुसूचित जाति सम्मेलन में सभी समाज के प्रतिनिधियों ने सरकारी नौकरियों में डीएससी समाज को आरक्षण देने के फैसले का स्वागत किया।

---



**नरवाना।** लगाई गई ठंडे पानी की छबील। फोटो :हरिभूमि

### ठंडे-मीठे पानी की छबील लगाई

**नरवाना।** गुरूद्वारा टिकाना बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में पंजाबी चौंक में ठंडे पानी एवं रूह अफजा की छबील लगाई गईएसब से पहले ग्रंथि बलिहार सिंह के द्वारा अरदास करवाई गई उसके उपरांत आने जाने लोगों मे प्रसाद वितरित किया गयाए वितरित करने वालों मे प्रधान चरणजीत छाबड़ा मांगे राम बत्रा अंटू दुरेजा शाहिल परूथी भूषण सचदेवाए विनय मकड़ए हंस राज सपड़ाए कपिल नागपालएमास्टर सोहन लालए हैप्पीए संत लाल सेतिया के साथ साथ तिलक सचदेवा गुरू घर सेवक की टीम ने मिलकर लोगो को रूह अफजा का शरबत पिलाया गर्मी पारा 45 डिग्री सेल्सियस से उपर जा चुका था आने जाने वाले लोगों ने इस भीषण गर्मी में कुछ राहत महसूस की।इस पुन्य कार्य में समाज सेवक तिलक सचदेवा का काफी योगदान रहा।वो समय समय पर ऐसे सामाजिक कामों बढ़.चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

**खबर संक्षेप**

### डॉ. चावला ने शक्ति कोर्स में पाया सातवां स्थान

**कैथल।** आरोही स्कूल ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय कुमार चावला ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद भारत सरकार द्वारा स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए नीतियों और कार्यक्रमों पर केंद्र और राज्य सरकारों की सहायता और सलाह देने के लिए एक स्वायत्त संगठन है।केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान जनसंचार तकनीकों का उपयोग कर विद्यालयी स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता को उन्नत बनाने के उद्देश्य से निर्मित एक स्वायत्त संस्थान है।यह राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के अन्तर्गत कार्य करता है।

### योग प्रोटोकाल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन

**कैथल।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को योग संस्थाओं महिला पतंजलि योग समिति एवं भारतीय योग संस्थान के सहयोग से एचएसवीपी के सेक्टर 18,19,20,21 तथा चीका में एचएसवीपी आर 3 एवं पूंडरी में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए।

उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र के नागरिकों के स्वास्थ्य रक्षण एवं आधुनिक जीवन में भाग दौड़ भरी जिंदगी में अपने शरीर पर ध्यान एवं योगमय बनाने के उद्देश्य से एचएसवीपी सेक्टर में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए ।

## उपायुक्त ने जिला वासियों ने किया आह्वान

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में अधिक से अधिक पेड़ लगाएं लोग

डीसी लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस हाल में चंडीगढ़ से आयोजित वीसी के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं



गांव फरल महादेव मंदिर में पौधरोपण करते हुए पार्षद मुनीष शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति पूरी तरह से गंभीर है। इस दिशा में एक ओर कदम बढ़ाते हुए सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत की गई है। वन विभाग के अधिकारी जगह निर्धारित करें कि इस अभियान के तहत जिला में कहां-कहां पर पौधे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही विभिन्न विभागों को जो भी टारगेट दिया जाए, उसको सभी अधिकारी पूरी शक्ति और प्रयास के साथ पूरा करें। इस अभियान में सभी आमजन बढ़चढ़ भाग लें और अधिक से अधिक पौधारोपण करके स्वच्छ पर्यावरण के संकल्प में अपना सक्रिय योगदान दें।

डीसी प्रीति सोमवार को लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस हाल में चंडीगढ़ से आयोजित वीसी के बाद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत की थी। उनका कहना था कि जितना सम्मान हम अपनी जन्म देने वाली माँ को देते हैं, उतना ही सम्मान, हमारी धरती माता को भी दें। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के दूसरे चरण में हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने हैं। इसको लेकर वन विभाग प्लानिंग बनाए। जगह निर्धारित करने के साथ साथ पौधों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। इसके अलावा पिछले साल लगाए गए पौधों की प्रगति की समीक्षा भी करें। पौधारोपण की योजना एवं प्रारूप तैयार करने के लिए 10 जून को जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन भी किया जाएगा।

### फरल में चला पौधरोपण अभियान

**पूंडरी।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पेड़ मां के नाम अभियान को आगे बढ़ाते हुए आज आयुर्वेदिक प्राथमिक चिकित्सालय फरल व जिला पार्षद मुनीश शर्मा के संयुक्त प्रयास से रुद्राक्ष के पौधों का रोपण किया गया। विभिन्न स्थानों पर रुद्राक्ष के पौधे लगाकर इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाया गया। गत विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला पार्षद मुनीश शर्मा द्वारा इस अभियान की शुरूआत की गई थी, जिसके अंतर्गत इस वर्ष 2500 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान का उद्देश्य न केवल हरियाली बढ़ाना है, बल्कि आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है।इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी मंजू शर्मा ने भी रुद्राक्ष रोपण में भागीदारी निभाई और कहा कि वे भविष्य में भी इस अभियान से जुड़ी रहेंगी। उन्होंने पर्यावरण सरंक्षण को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस मुहिम में जुड़ने की अपील की।कार्यक्रम में जिला पार्षद मुनीश शर्मा, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी प्रेम चंद, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट पंकज शर्मा, सेवादार रणधीर कुमार, फल्गु तीर्थ सभा के प्रधान भीम सैन गौड़, फलकेश्वर महादेव संस्था के प्रधान सुखबीर राणा, पवनेश्वर तीर्थ सभा के प्रधान रणदीप राणा, पवन शर्मा, सुखदेव शर्मा, रमेश राणा, मोहन लाल आदि उपस्थित रहे।

# सीईओ का ग्राम सचिव एसो. ने स्वागत किया



**कैथल।** जिला परिषद कैथल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश राविश का स्वागत करते जन प्रतिनिधि। *फोटो :हरिभूमि*

- कार्यों में पारदर्शिता और पंचायतों के सहयोग का दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला परिषद कैथल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुरेश राविश के पदभार ग्रहण करने पर सोमवार को ग्राम सचिव एसोसिएशन कैथल के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनके कार्यालय में बुके भेंट कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम सचिव एसोसिएशन के जिला प्रधान सुनील गोयत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ से शिष्टाचार भेंट की और पंचायतों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा भी की। स्वागत करने वालों में ग्राम सचिव हरदीप, रामलाल, बृजेश, आशु गोयत, सोनू मटौर, रवि ढुल, अंकित जांगड़ा, जसमेर ब्लॉक प्रधान सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।

प्रतिनिधियों ने इस मौके पर सीईओ से अपेक्षा जताई कि ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों को गति मिले और पंचायत सचिवों को कामकाज के दौरान आ रही दिक्कतों को प्राथमिकता से दूर किया जाए। साथ ही, पंचायतों से जुड़े प्रशासनिक कार्यों में सरलता और त्वरित निर्णय की भी अपील की गई। इस अवसर पर सीईओ सुरेश राविश ने सभी का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि पंचायतों के विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायतों के सहयोग और ग्राम सचिवों की सक्रिय भूमिका से ही जमीनी स्तर पर सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पाता है।

पंचायत स्तर पर अगर किसी प्रकार की समस्या आती है, तो उसका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं को गति देना और जनता तक उनके अधिकारों का लाभ पहुँचाना रहेगा। उन्होंने ग्राम सचिव एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि एक मजबूत और सकारात्मक तालमेल से ही जिले में विकास को नई दिशा दी जा सकती है।

# हर जिले में बंदा वीर बैरागी के नाम पर चौक बनाए सरकार

- बंदा वीर बैरागी के 309वें बलिदान दिवस पर जींद बैरागी धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



बंदा वीर बैरागी के 309वें बलिदान दिवस पर सोमवार को सफीदों रोड स्थित बैरागी धर्मशाला में रक्तदान शिविर लगाया गया। 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। मुख्यातिथि बैरागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष शिव पंवार बैरागी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उत्साह बढ़ाया। शिव पंवार बैरागी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बंदा वीर बैरागी से बड़ा कोई बलिदानी नहीं हुआ। वे अपने सनातन धर्म पर अडिग़ रहे और सनातन धर्म के लिए खुद को बलिदान कर दिया। उनके बलिदान दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में तीन दिन कार्यक्रम होंगे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि प्रदेश के हर जिले में बंदा वीर बैरागी के नाम से चौक बनाया जाए। सरकार को प्रस्ताव भेज दिया गया है। प्रत्येक जिले में बनने वाले चौक पर उनकी जीवनी लिखी जाएगी ताकि उनसे युवा प्रेरणा ले सकें। उनके बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करके पूरी दुनिया को संदेश दिया गया है।

# सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना सभी के हित में : प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** ट्रैफिक नियमों के बारे विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए डीएसपी सुशील प्रकाश। *फोटो :हरिभूमि*

सड़क सुरक्षा विषय के तहत एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार आमजन सहित युवाओं को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए सोमवार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें एसपी डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश व यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेश कुमार, एसआई रघुबीर व एचसी सुरेश ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की पालना करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा दुर्घटनाओं में कमी लाना है। डीएसपी सुशील प्रकाश ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों की आवश्यकता, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, तेज गति और मोबाइल के उपयोग से होने वाले खतरों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं, जिन्हें थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से रोका जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान आईटीआई स्टाफ व विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

# आरोही मॉडल स्कूल में भारतीय भाषा का समर कैंप संपन्न





**राजौंद।** कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देते हुए व कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।

**राजौंद।** आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सौंगरी में 2 जून से प्रतिदिन 4 घंटे भारतीय भाषा समर कैंप चल रहा था। इसका रविवार को समापन हो गया। समापन पर सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए गए व अनेक गतिविधियों में अव्वल रहने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। छात्र-छात्राओं ने समर कैंप के दौरान अपने अनुभव सांझा किए। कैंप में हिस्सा लेने वाली नौंवी कक्षा की छात्रा मानसी ने बताया कि शिविर के जरिए उनमें आत्मविश्वास का संचार हुआ। छात्रा जैसमिन ने कहा कि उन्हें अपने शिक्षक और अपने साथी छात्र-छात्राओं के साथ बिताने का मौका मिला है। प्राचार्या सुनीता आहूजा ने बताया कि कक्षाओं के दौरान सभी विद्यार्थियों को अन्य गतिविधियों के लिए कम समय मिलता है।



**पूंडरी।** बाबा सोमवारनाथ के साथ चर्चा करते हुए श्रद्धालु।

### बाबा रामनाथ डेरे में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन, गोवंश की स्थिति पर किया मंथन

**पूंडरी।** पूंडरी के कैथल रोड स्थित बाबा रामनाथ डेरे में एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गौमाता के संरक्षण और सेवा को लेकर विशेष रूप से विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोग शामिल हुए और वर्तमान समय में गोवंश की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डेरे के महंत सोमवारनाथ ने कहा कि सनातन धर्म में गौमाता को माता के रूप में पूजा जाता है, जिनमें पुराणों के अनुसार 33 कोटि देवी-देवताओं का वास माना गया है। लेकिन आज देशभर में गोवंश के साथ जो व्यवहार हो रहा है, वह बेहद पीड़ादायक और चिंताजनक है। सड़कों पर लावारिस घूमती, बीमार, घायल और भूखी गायें समाज की संवेदनहीनता का प्रतीक बन गई हैं।उन्होंने कहा कि अगर हम सच में गौमाता को माता मानते हैं, तो उनकी सेवा, रक्षा और देखभाल करना हमारा धर्म और नैतिक कर्तव्य बनता है। गौशालाओं की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन व्यवस्थाओं और संसाधनों की भारी कमी अब भी बनी हुई है।

# पुलिस ने नशा तस्करों पर कसा शिकंजा

- थाना पूंडरी, ढांड व सदर क्षेत्र से अलग अलग मामलों में 3 नशा तस्कर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल







**कैथल।** पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

नशा मुक्ति अभियान तहत एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अलग अलग मामलों में 3 नशा तस्करों को काबू किया गया है। जिनके कब्जे से 2 किलो 608 ग्राम अफीम, 1 किलो 95 ग्राम गांजा तथा 525 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एसआई जयभगवान की टीम शाम के समय गश्त दौरान हाबड़ी रोड़ पूंडरी के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस को एक गुप्त जानकारी मिली कि हाबड़ी गेट पूंडरी निवासी निवासी शिवम शर्मा नशीला पदार्थ अफीम बेचना का काम करता है, जो आज यूपी से अफीम लेकर घर आया है। जिसके घर पर दबिश देकर उसे अफीम सहित काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते शिवम उपरोक्त के मकान पर दबिश देकर संदिग्ध शिवम शर्मा उपरोक्त को काबू कर लिया गया। पुलिस सुचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी गुरविंद्र सिंह के समक्ष नियमानुसार ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में पॉलीथिन से 2 किलो 608 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना पूंडरी में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई मनोज कुमार द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

दूसरे मामले में एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई सिंहराज की अगुवाई में एएसआई राजेश कुमार की टीम गश्त दौरान बस अड्डा क्योड़क के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी को पकड़ा व नशीला पदार्थ जब्त किया।

# सरल पोर्टल पर नहीं बन पा रहे प्रमाणपत्र, आवेदक हो रहे परेशान

**कैथल।** प्रदेश सरकार द्वारा जनता को ऑनलाइन सुविधा देने के लिए शुरू किया गया सरल पोर्टल इन दोनों कठिन पोर्टल बनता नजर आ रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा हॉल में निकाली गई सीइट के फार्म भरवाने के लिए युवाओं की सुबह से लेकर सायं तक सीएससी सेंटर कंप्यूटर सेंटरों पर इंतजार करते देखा जा सकता है। पिछले करीब 13 दिनों से सरल पोर्टल पर जाति प्रमाण पत्र बनवाने में भी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि हरियाणा में सरकारी नौकरी के लिए बड़ा एलिजिबिलिटी टेस्ट पास करना अनिवार्य किया गया है। ग्रुप डी की भर्तियां सीधे सेट मेरिट के आधार पर होती है जबकि ग्रुप सी के लिए यह योग्यता मापदंड माना गया है। पिछले 12 सालों से मेरिट और टेस्ट के आधार पर नौकरी देने की प्रक्रिया से युवाओं में नौकरी पाने की चाहत बढ़ती नजर आ रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि इस बार सीइटी की परीक्षा 100 अंकों की होगी। इसमें सभी प्रश्न एक अंक के होंगे। आरक्षित वर्ग में 40% और सामान्य वर्ग में 50% सही करने वाले अभ्यर्थी को पास माना जाएगा। पिछली बार 0.95 अंक का प्रश्न होने के कारण आरक्षित वर्ग में 38.5 और सामान्य वर्ग में 47.5 अंक वाले पास माने गए थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हाल ही में सीइटी पास करने वाले बेरोजगार उम्मीदवारों को 9000 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया है जिससे आवेदनों की संख्या में और ज्यादा इजाफा हो रहा है। जाति प्रमाण पत्र की अधिक मांग का कारण है कि विभाग ने 1 अप्रैल के बाद का जाति प्रमाण पत्र वैध कर रखा है ।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लगातार कर रही तरक्की : निधि

- प्रधानमंत्री को सेवा, सुशासन और गरीब-कल्याण के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई : निधि मोहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



निधि मोहन।

राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ की जिलाध्यक्ष निधि मोहन ने कहा की विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का सफल नेतृत्व करना केवल संकल्प, साधना और राष्ट्रभक्ति से ही संभव है।

अमृतकाल के सारथी मा. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'नए भारत' ने नारी सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, कृषक उत्थान, नवोन्मेष, विरासत के संरक्षण, विकास की गति, सांस्कृतिक पुनरूत्थान, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के निरंतर नए आयाम स्पर्श किए हैं। बीते 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। उज्ज्वला हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जनऔषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। प्रधानमंत्री मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व देश के विकास और प्रगति के लिए काम कर रहा है, साथ ही हर वर्ग के लोगों को सशक्त बनाने के प्रयास कर रहा है।राष्ट्रीय सुरक्षा की दिशा में भी मील का पत्थर सिद्ध हुए हैं। निधि नें कहा की नक्सलवाद अपनी अंतिम साँसे गिन रहा है, जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में शांति की स्थापना हुई है, भारत अब आतंकवादी हमलों का जवाब आतंकियों के घर में घुस कर देता है।

## हरियाणा टेपबाल संघ के महासचिव संजय ने खिलाड़ियों को सराहा

# टेपबाल क्रिकेट में हरियाणा टीम ने जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



**सीवन।** टीम की जीत पर खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को बधाई देते मुख्य अतिथि।

हरियाणा टीम जीता सिल्वर मेडल पहली राष्ट्रीय जुनियर टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता हरियाणा लड़कियों की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी हरियाणा टेपबाल संघ के महासचिव संजय सैन ने की उन्होंने बताया कि टेपबाल क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय जुनियर टेपबाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 जून को नोएडा कालेज ओफ फिजिकल एजुकेशन धूम मनिकपुर नोएडा मे करवाया गया जिसमे भारतवर्ष से हरियाणा, दिल्ली, यूपी, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राज्यस्थान लगभग 11 राज्य से टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा की लड़कियों ने मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ को हराकर फाइनल में प्रवेश करके प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, हरियाणा टेपबाल संघ के महासचिव संजय सैन ने हरियाणा टीम की जीत पर खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। टेपबाल खेल क्रिकेट जगत में एक नई क्रांति लेकर आया है इस खेल में खिलाड़ियों को चोट की कम संभावना के साथ खिलाड़ियों का खेल के लिए उपयोगी सामान पर खर्चे में भी कमी आऐगी। क्योंकि खेल में बहुत कम सुरक्षा उपकरणों की आवश्यकता होती है। उन्होंने टेपबाल क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया का भी आभार जताया कि वह भारत क्रिकेट प्रेमियों व खिलाड़ियों में नई उंमग भरने के लिए व उत्साह जगाने के लिए इस प्रकार की टेपबाल प्रतियोगिता करवाते हैं।

इस अवसर पर हरियाणा का सहयोगी स्टाफ कोच सुदर्शन सिंह सीवन, संजय कोशिक ,गुरपेज सिंह, सुमन वत्स, कुलदीप सिंह कुरूक्षेत्र इंदर गोस्वामी उपस्थित रहे जो इस प्रतियोगिता में हरियाणा टेपबाल टीम के साथ रहकर उनकी मदद करेंगे।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने ठंडे जल की छबील लगाई

**पाई।** भूखे को अन्न, प्यासे को पानी इसी कड़ी में सोमवार को पाई में पूंडरी राजोंद मार्ग पर ठंडे जल की ठबील लगाई। ग्रामीणों द्वारा इस छबील से आने जोन वाले राहगीरों को ठंडा जल पिलाया और गर्मी से राहत दिलवाई। ग्रामीण संजय ढुल, नरेंद्र, महरवीर, दिलबाग आदि ने बताया कि जल सेवा एक ऐसा दान है, जिस पर बिना कुछ खर्च किये पूण्य कमाया जा सकता है। यह जल सेवा भी एक पुण्य का कार्य है। उन्होंने बताया कि इस समय भंयकर गर्मी पड़ रही है। इस भंयकर गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि इस गर्मी में लोगों को प्यास भी बहूत ज्यादा लगती है। यदि इस गर्मी में प्यासे को समय पर जल मिल जाए तो उसको काफी राहत मिलती है।

### शिक्षक प्रशिक्षण बुनियादी साक्षरता का शुभारंभ

**जींद।** हरियाणा निपुण मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को लेकर पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी में खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी द्वारा किया । प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अध्यापकों को नवीन पाठ्य पुस्तकों से परिचित करवाते हुए उन सभी शैक्षिक योजनाओं पर सांझी समझ बनाना है। जिसके आधार पर हम कक्षा एक से तीन में बच्चों को बुनियादी स्तर पर दैनिक जीवन के लिए प्रभावी संप्रेषण कर्ता और अपनी मातृभाषा से पढने लिखने की भाषा यानि हिंदी में निपुणता हासिल करवा सकते हैं।

### नहरी पानी की कमी से फसल सूखने के कगार पर

**राजौंद।** नहरी पानी की कमी व पड़ रही भयंकर गर्मी के चलते क्षेत्र में सब्जी उगाने वाले किसानों को भारी नुकसान होने का अंदेशा बना हुआ है। विदित है कि क्षेत्र में नरवल, नीमवाला, बीर-बांगड़ा, बिरथे बाहरी इत्यादि गांवों में अधिकतर लोग सब्जी की खेती करते हैं। महंगाई के दौर में आसमान छू रही सब्जी की कीमतों के कारण सब्जी उगाने वाले लाभ की अपेक्षा नुकसान झेलने को विवश हैं। इन दिनों गर्मी अपने पूरे यौवन पर है तथा किसानों द्वारा बार-बार अपनी फसलों को ट्यूबवेल इत्यादि स्त्रोतों से सिंचाई करने के बावजूद भी फसलों में इजाफा होता दिखाई नहीं दे रहा।

## उपायुक्त प्रीति ने किया गुहला व सीवन क्षेत्र की ड्रेनों व नहरों का दौरा

# ड्रेनों की सफाई संतोषजनक न पाए जाने पर नपा सचिव व सिंचाई विभाग के एसडीओ व जेई को नोटिस

### एसडीएम को दिए अब तक हुए ड्रेनों के सफाई कार्य के बारीकी से निरीक्षण के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

डीसी प्रीति ने सोमवार सायं गुहला-चीका व सीवन क्षेत्र की ड्रेनों के बारिश के मौसम से पूर्व किए जा रहे साफ-सफाई कार्य सहित बाढ़ राहत के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। ड्रेनों में सफाई कार्य के संतोषजनक न पाए जाने पर डीसी ने चीका नगर पालिका सचिव व सिंचाई विभाग के एसडीओ व जेई को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने एसडीएम गुहला को भी निर्देश दिए कि ड्रेनों की सफाई सहित बाढ़ राहत के लिए अब तक किए जा चुके कार्य का बारीकी से निरीक्षण करें। साथ ही बारिश से पहले सरकार के आदेशानुसार ड्रेनों की सफाई के कार्य को समय से पूरा करने के आदेश भी जारी किए। डीसी प्रीति ने कहा कि सरकार द्वारा ड्रेनों व नहरों की साफ-सफाई के लिए लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके बावजूद यदि कार्य में लापरवाही बरती जाएगी तो ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि जहां ड्रेनों से गाद निकाली जानी हैं, वहां गाद निकालें, जहां मनरेगा से कटाई-छंटाई का कार्य किया जाना है, वहां मनरेगा से काम करवाएं। ड्रेनों में लोगों द्वारा अवैध रूप से पाइप डालकर बनाए गए अवरोधक हटवाए जाएं। साथ ही पुल या पुलिया के नीचे सफाई कार्य संतोषजनक होना चाहिए। जहां ड्रेनों के किनारों को मजबूत बनाया जाना है, उन्हें मजबूत बनाएं। मनरेगा के तहत श्रमिकों की आवश्यकता है तो सिंचाई विभाग के अधिकारी एसडीएम गुहला व सीईओ जिला परिषद से तालमेल बनाते हुए श्रमिकों संबंधी जरूरतों को पूरा करते हुए काम सुनिश्चित करवाएं। डीसी ने एसडीएम गुहला को निर्देश दिए कि जहां कार्य संतोषजनक नहीं हैं, वहां वे स्वयं निरीक्षण करेंगे। जल्द ही इसकी रिपोर्ट भी दें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कैथल से चीका मार्ग पर सड़क पर झुक गई टहनियों को वन विभाग के अधिकारियों के साथ तालमेल बनाते हुए छंटाई करवाएं। उन्होंने कहा कि जलखुंबी को साफ करवाएं। इसके बाद डीसी चीका नगर पालिका क्षेत्र में स्थित ओल्ड घग्गर ड्रेन का निरीक्षण किया। जहां कार्य संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने नगर पालिका सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश देते हुए जल्द से जल्द इस ड्रेन की सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने इसी ड्रेन का करीब पांच किलोमीटर अंदर जाकर निरीक्षण किया। जहां लोगों ने निकासी के लिए आवश्यक सुविधा न होने की शिकायत दी। डीसी ने एसडीएम को निर्देश दिए कि लोगों की शिकायत निवारण करते हुए पानी की निकासी का प्रबंध सुनिश्चित करें। यहां उन्होंने सफाई कार्य में सुधार के भी निर्देश जारी किए। इसके बाद डीसी ने हांसी-बुटाना नहर पर सिंचाई विभाग द्वारा करवाए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।





गुहला चीका। डीसी प्रीति ड्रेन व नहरों का निरीक्षण करते हुए तथा अधिकारियों को दिशानिर्देश देते हुए। फोटो :हरिभूमि

### रसूलपुर के निकट जाकर गहराई से निरीक्षण किया

डीसी प्रीति ने सबसे पहले सरस्वती ड्रेन गांव पोलड़ से निरीक्षण शुरू किया। यहां उन्होंने एक्सईएन सिंचाई विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए। इसके बाद इसी ड्रेन पर उन्होंने गांव रसूलपुर के निकट जाकर गहराई से निरीक्षण किया और काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

### किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी रखें

उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी रखें। इसके बाद डीसी ने गांव कांगथली के निकट ककराला अनायत व पपराला डेरनों का निरीक्षण किया। जहां सफाई कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया। डीसी ने ककराला अनायत ड्रेन का करीब छह किलोमीटर तक निरीक्षण किया। यहां ड्रेन के बीच में पाइप व अवरोधक पड़े होने के कारण उन्होंने सिंचाई विभाग के एसडीओ एवं जेई को कारण बताओ नोटिस जारी कर जल्द से जल्द इन अवरोधकों को हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद डीसी ने सिंचाई विभाग द्वारा बनाए गए सरस्वती ड्रेन पर ही किए जा रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। डीसी ने एसडीएम गुहला को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द सभी जगह करवाए जा रहे कार्यों का बारीकि से निरीक्षण कर रिपोर्ट दें, ताकि बारिश के दौरान निकासी बिना अवरोधक हो सके।

### ग्रामीणों को किया नशे के खिलाफ जागरूक

**ढांड।** नायब तहसीलदार अचीन ने खंड ढांड के गांव साकरा में ग्रामीणों को नशे के प्रति जागरूक किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा खेलों में रुचि लेकर नशे से बच सकते हैं, हम सबका यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि युवाओं को खेलों की तरफ ध्यान लगाकर नशे से मुक्त करवाएं। युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। नशा को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी है। नायब तहसीलदार ने कहा कि आपसी सहयोग व एकजुटता से ही युवा वर्ग को नशे की प्रवृति से दूर रखा जा सकता है। नशा समाज के लिए अभिशाप है। नशे की प्रवृति देश की उन्नति में बाधक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर स्वास्थ्य का ध्यान देना चाहिए।

# नृत्य और योग शरीर व मन में बनाते संतुलन

## उल्लासपूर्ण रहा शिविर का सातवां दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर का सातवां दिन अत्यंत उल्लासपूर्ण, रचनात्मक और ऊर्जा से भरपूर रहा। विद्यालय परिसर में प्रातःकालीन गतिविधियों की शुरुआत योगाभ्यास एवं नृत्य प्रक्रियाओं के माध्यम से हुई। इस दिन का आरंभ न केवल विद्यार्थियों बल्कि शिक्षिकाओं के लिए भी एक ताजगी और नवचेतना लेकर आया। योग और नृत्य द्वारा आत्मिक और शारीरिक विकास का समन्वय स्थापित किया गया। प्रातःकालीन योगाभ्यास से बच्चों को न केवल स्वास्थ्य लाभ हुआ बल्कि मानसिक एकाग्रता, अनुशासन और आत्मविश्वास जैसे गुणों में भी वृद्धि हुई। समस्त अध्यापिकाओं ने भी पूरे उत्साह से योगाभ्यास में भाग लेकर बच्चों के लिए एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत किया। नृत्य की लय और गतियों में बच्चों ने अपनी कल्पना, रचनात्मकता और ऊर्जा का सुंदर प्रदर्शन किया। नृत्य और योग दोनों विधाएं शरीर और मन के संतुलन का सशक्त माध्यम हैं। इनकी निरंतरता बच्चों के अंदर अनुशासन, सौंदर्यबोध, लयबद्धता और संतुलन जैसे गुणों का विकास करती है। अध्यापिकाओं की भागीदारी से बच्चों में आत्मीयता और सहभागिता की भावना और प्रबल हुई। संगीत शिक्षक सौरभ टंडन द्वारा बच्चों को संगीत की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। अध्यापिकाओं द्वारा पेपर कटिंग की कला से बच्चों को फूल और स्टार बनाना सिखाया गया। विज्ञान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रयोगों का प्रदर्शन कराया गया।



**जींद।** समर कैंप में गतिविधि में भाग लेते हुए बच्चे।

### वैज्ञानिक सिद्धांतों को प्रत्यक्ष अनुभव से समझा.

*इन प्रयोगों के माध्यम से बच्चों ने वैज्ञानिक सिद्धांतों को प्रत्यक्ष अनुभव के द्वारा समझा। इसके अतिरिक्तए बच्चों को एंकरिंग की विभिन्न तकनीकों से परिचित कराया गया। मंच संचालन की कला ने बच्चों को मंच भय से मुक्त करने के साथ-साथ प्रभावी संप्रेषण कौशलए भाषा पर पकड़ और आत्मविश्वास के साथ बोलने की क्षमता को भी निखारा। विद्यालय प्राचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि आज के शिविर का प्रत्येक क्षण यह सिद्ध करता है कि जब शिक्षा, रचनात्मकता, अनुशासन और मनोरंजन का मेल होता है, तब बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वश्रेष्ठ रूप उभर कर सामने आता है। योग और नृत्य से मानसिक और शारीरिक विकास का द्वार खुलता है। संगीत से आत्मा जुड़ती है और कला बच्चों को एक नई दृष्टि देती है। विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी हमारा विद्यालय इसी प्रकार रचनात्मकता, नवाचार और शिक्षण के नए आयामों को अपनाते हुए विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करता रहेगा।*

# जींद से मथुरा की बस का टाइम बदला

- अब दोपहर को चलेगी, अब वाया दिल्ली होगा बस का रूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद डिपो से मथुरा के लिए जाने वाली रोडवेज बस का टाइम टेबल बदला गया है। पहले यह बस सुबह चार बजे चलती थी लेकिन अब दोपहर को 12 बजे का टाइम किया गया है। बस का रूट वाया दिल्ली, फरीदाबाद रहेगा। नए टाइम टेबल के अनुसार प्रतिदिन जींद बस अड्डे से दोपहर को 12 बजे बस चलेगी। जो रोहतक, दिल्ली, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, होडल, कोसी होते हुए रात को साढ़े आठ बजे के करीब मथुरा पहुंचेगी। साढ़े 9 बजे वहां से वापसी होगी और रात को दिल्ली में ठहराव होगा। वहां से सुबह चार बजकर 40 मिनट पर दिल्ली से जींद के लिए चलेगी, जो सुबह आठ बजे के करीब जींद पहुंचाएगी। मंगलवार से बस का प्रतिदिन का यही रूट रहेगा। अब तक बस सुबह चार बजे जींद से चलती थी। जींद से मथुरा की दूरी 313 किलोमीटर है और 330 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। जींद से दिल्ली और मथुरा के लिए काफी यात्री जाते हैं। वहीं मथुरा धार्मिक स्थल होने के कारण श्रद्धालुओं की भी पहली पसंद ये बस बनी हुई थी। क्योंकि बिना बस आदि के बदले वहां पहुंचा जा सकता था। जींद के मथुरा के लिए सीधी ट्रेन सुविधा नही है। इसके लिए दिल्ली से ट्रेन बदलनी पड़ती है। इस बस से यात्री बिना कहीं पर भी उतरे आसानी से सफर कर सकते हैं।



### बार एसोसिएशन ने आयोजित किया सम्मान समारोह

**जींद।** बार एसोसिएशन जींद की ओर से चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलगुरु प्रोफेसर आरपी सैनी का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। एसोसिएशन के प्रधान विकास लोहान ने प्रो. सैनी को अंगवस्त्र पहना कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष एडवोकेट मनोज ने जींद और कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय की सोशल आउटरीच सेल के निदेशक डा. विजय कुमार ने कुलगुरु प्रोण सैनी का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। जबकि एडवोकेट मोहित ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का परिचय करवाया। कुलगुरु प्रो. सैनी ने अपनी जीवन यात्रा, संघर्षों और शिक्षण के अनुभवों को सांझा किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु समाज के हर वर्ग का सहयोग एवं सुझाव लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने आग्रह किया कि एसोसिएशन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों व फैकल्टी को कानूनी जागरूकता प्रदान कर विश्वविद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाए। यह विश्वविद्यालय समाज का है और मैं पूरी निष्ठा से समाज के हर वर्ग के सपनों को साकार करने के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दूंगा।

# सीएचसी सीवन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच हुई

- महिला चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सीवन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरकीरत ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और सुरक्षित मातृत्व को सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर महिला चिकित्सकों की एक टीम ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की, जिसमें वजन, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन स्तर, शुगर लेवल आदि की विस्तृत जांच की गई। प्रयोगशाला तकनीशियन रजनी रानी ने बताया कि इस अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के खून की जांच कर कुपोषण जैसी समस्याओं की समय रहते पहचान की जाती है, ताकि उन्हें समय पर उचित परामर्श और पोषण सहायता मिल सके। रजनी ने बताया कि कुपोषित महिलाओं पर विशेष ध्यान देते हुए उनके लिए विशिष्ट योजना बनाई जाती है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके। इसके अतिरिक्त शिविर में डेंगू बुखार से संबंधित जांच भी की गई। किसी भी प्रकार के बुखार या लक्षण दिखाई देने पर तुरंत रक्त जांच कराने की अपील की गई है। महिला चिकित्सा अधिकारियों ने बताया कि गर्भावस्था की दूसरी और तीसरी तिमाही में सभी गर्भवती महिलाओं को कम से कम एक बार प्रसव पूर्व जांच अवश्य करवानी चाहिए। यह न केवल मां बल्कि गर्भस्थ शिशु की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान को सफल बनाने में महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सहित पूरे चिकित्सा दल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



**सीवन।** सीएचसी सीवन में महिलाओं की जांच करते चिकित्सा अधिकारी।



देवेंद्र पांचाल पूंडरी को अध्यक्ष की जिम्मेवारी सोंपते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल।

### अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के प्रदेश अध्यक्ष बने देवेंद्र

**पूंडरी।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल पूंडरी को अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित अग्रसेन धर्मशाला में आयोजित संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के दौरान की गई। बैठक में देशभर से विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारी, प्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान यशपाल को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया, वहीं हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी देवेंद्र पांचाल को सौंपी गई। उनकी नियुक्ति पर विश्वकर्मा समाज ने खुशी जाहिर की।नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र पांचाल ने इस अवसर पर कहा कि यह उनके लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है। उन्होंने अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ के राष्ट्रीय नेतृत्व और समस्त हरियाणा विश्वकर्मा समाज का आभार प्रकट किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह इस नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्मठता से निभाएंगे।


## रस्म क्रिया



**स्व. जगदीश शर्मा**

आपको बड़े दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्य पिताजी श्री जगदीश शर्मा अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 30.05.2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए रस्म क्रिया दिनांक 11.06.2025 बुधवार को प्रात: 10.00 बजे हमारे निवास स्थान गांव खाड़ा (अलेवा) नजदीक राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जिला जीन्द हरियाणा में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

सुरेश शर्मा (भाई) मोहन भारद्वाज (पुत्र) (पत्रकार)
प्रेम शर्मा (भाई) मदन शर्मा (पुत्र)

सम्पर्क सूत्र : 9896052374, 9466345590


## एक पेड मां के नामः सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों पर हो पौधरोपणः डीसी

# जिलेभर में लगाए जाएंगे 13 लाख 46 हजार 250 पौधे

- अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों की होगी जीयो टैगिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण हेतू जिला में 13 लाख 46 हजार 250 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी संबंधित विभाग इस अभियान में जुड़ेंगे। सरकारी स्कूलों, ग्राम पंचायतों, अमृत सरोवरों में अधिक से अधिक पौधा रोपण किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम 2.0 एक नई और महत्वपूर्ण पहल है, जो पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व को बढ़ावा देगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सोमवार को एनआईसी के कान्फ्रेंस हॉल में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सीईओ जिप सभी पंचायतों से तालमेल करके उनसे पौधों की डिमांड लें ताकि सभी पंचायतों को नर्सरी के माध्यम से पौधे मुहैया करवाए जा सकें। सभी विभाग मानसून सीजन में पौधा रोपण करेंगे। इसके लिए वे भी अपनी डिमांड वन विभाग को दें। हर गांव में वन मित्र है उन सभी को इस अभियान से जोड़ें।



- !अभियान का उद्देश्य है प्रत्येक व्यक्ति को धरती की सुरक्षा के लिए प्रेरित करना

### अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों की होगी जीयो टैगिंग

अभियान के तहत लगाए जाने वाले पौधों की जीयो टैगिंग की जाएगी। इस पहल में खासतौर पर मां के आशीर्वाद और प्रेम के प्रतीक के रूप में एक पेड़ को समर्पित किया जाएगा ताकि जीवन के प्रति सम्मान और परिश्रम का संदेश दिया जा सके। पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और साथ ही पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में सहायक होते हैं। इस अभियान में प्रत्येक व्यक्ति को अपना सहयोग देना चाहिए। डीसी ने धार्मिक एवं समाज सेवी संस्थाओं से भी आह्वान किया कि वे इस अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधा रोपण करवाए ताकि हमारा जिला हरा-भरा दिखने लगे। जब हम अपने परिवारजनों के नाम पर पौधा रोपण करेंगे तो उस पौधे से हमारा आत्मिक लगाव बनेगा और मानवता और प्रकृति के प्रति संबन्ध भी गहरा होगा। पर्यावरण जागरूकता के लिए यह अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण साबित होगा।